तेरी राधा पुकारे

श्याम पिया की , मैं हूँ दीवानी, दिल में वसे मेरे श्याम ॥,
तेरी राधा पुकारे,,, आ जाओ घनश्याम, ओ श्याम,,,,,
तेरी राधा पुकारे,,, आ जाओ घनश्याम ॥

बँसी की तान अब, कहीं न सुनाए, पीड़ यह सह न पाऊँ ।
तेरे बिना मोहे, कौन सताए, पनघट पे जब जाऊँ,
पनघट पे, जब मैं जाऊँ,,,,,
तेरे नाम की, जोगन बनके, मैं तो हुई बदनाम ॥,
तेरी राधा पुकारे,,, आ जाओ घनश्याम, ओ श्याम,,,,,
तेरी राधा पुकारे,,, आ जाओ घनश्याम ॥

श्याम है तन में, श्याम है मन में, श्याम वसे धड़कन में ।
श्याम बिना यह, जग है सूना, दुःख ही दुःख जीवन में,
दुःख ही दुःख जीवन में,,,,,
मैं तो हूँ तेरी, प्रेम पुजारिन, तूँ मेरा भगवान ॥,
तेरी राधा पुकारे,,, आ जाओ घनश्याम,
ओ श्याम मेरे,,,,, आ जाओ घनश्याम xIII
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/19021/title/teri-radha-pukaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |